पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक–01.07.2024

दिनांक 30/01.07.2024 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी 02, विकासनगर 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना माल–दिनांक 30.06.2024 को रि0उ0नि0 हरिओम सिंह थाना माल द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–महावीर पुत्र स्व0 नरसिंह निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना माल जनपद लखनऊ उम्र करीब 54 वर्ष को कल्याणपुर की पुलिया बह्द ग्राम कल्याणपुर थाना माल जनपद से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना माल पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 दक्षिणी

जुआ खेलते समय गिरफ्तार।

थाना गोसाईगंज–दिनांक 30.06.2024 को उ0नि0 सुरेश कुमार पाण्डेय द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01–नावेद उर्फ शाहनवाज पुत्र मुख्तार निवासी महमूदपुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 22 वर्ष 02. प्रदीप पुत्र ननकऊ राज निवासी महमूदपुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 23 वर्ष 03. अंकुर निगम पुत्र स्व0 चंद्र प्रकाश निगम निवासी महमूदपुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 23 वर्ष 04. बृजेश कुमार शर्मा पुत्र राम फेर शर्मा निवासी कासिमपुर बिरुहा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 34 वर्ष 05.रामदीन पुत्र महावीर निवासी कासिमपुर बिरुहा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 33 वर्ष को आपस में रूपयों की हारजीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते व खिलवाते समय सार्वजनिक स्थान सेंगटा पूर्वी माता स्थान चबूतरा नीम पेड़ के नीचे थाना गोसाईगंज से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते, मालफड़ 2,000/–रुपये जामा व जामा तलाशी में 11,00/–रुपये नगद बरामद कर थाना गोसाईगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना सआदतगंज–दिनांक 01.07.2024 को थाना सआदतगंज द्वारा बताया गया कि श्री प्रेम कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 रामसुख मिश्रा निवासी–368/24 न्यू लकड़मण्डी थाना सआदतगंज लखनऊ ने थाना सआदतगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 01.07.2024 को सुबह के समय उसके पुत्र अखिलेश कुमार मिश्रा उम्र करीब 35 वर्ष ने अपने बन्द कमरे में अन्दर से कुण्डीमार कर कमरे के छत में लगे पंखे के कुण्डे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर म0एस0आई0 पूजा तोमर मो0नं0 6386037847 थाना सआदतगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि के 02 पुत्र व 01 पुत्री हैं।**

थाना चिनहट–दिनांक 01.07.2024 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि वादी श्री प्रशान्त सिंह निवासी–डी–2/335 विकल्प खण्ड गोमतीनगर लखनऊ ने थाना चिनहट पर सूचना दिया कि वादी की माताजी सुधा सिंह उम्र करीब 75 वर्ष दिनांक 15.06.2024 को समय करीब 07.00 बजे अपने उक्त घर से मंदिर दर्शन करने लिए निकली थी। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति जो मोटर साइकिल से था उसने वादी की माताजी को रोककर बरगलाते हुए कहा कि आपको और आपके बारे में सब जानता हूं, आपके लड़के प्रशान्त सिंह ने आपके लिए कंगन बनाने के लिये कहा है इसलिए आप अपना कंगन मुझे दे दीजिये, मेरी मल्हौर में सोने–चांदी की दुकान है आप मुझ पर विश्वास करिये इस प्रकार की बातचीत करके दबाव बनाते हुये टप्पेबाजी से वादी की माताजी का कंगन लेकर चला गया। **इस सचूना पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 304/2024 धारा 379 थाना चिनहट पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना अमीनाबाद–दिनांक 01.07.2024 को थाना अमीनाबाद द्वारा बताया गया कि श्री अरूण कुमार अग्रवाल निवासी–109/164 माडल हाउस लखनऊ ने थाना अमीनाबाद पर सूचना दिया कि आज दिनांक 01.07.2024 को सुबह करीब 05.00 बजे के करीब उनके बड़े भाई संजय अग्रवाल उम्र करीब 54 वर्ष पुत्र स्व0 बासुदेव प्रसाद अग्रवाल निवासी–उपरोक्त ने कमरे में पंखे के कुण्डे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया जिसके बाद हम लोगों ने उतार कर इलाज के लिए सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके भाई ने अपनी मृत्यु से पहले एक सुसाइड नोट लिखकर जेब में रखा था जिसमें उन्होंने ध्रुव कुमार साहू पुत्र अजय साहू (दुर्गा खस्ता कार्नर) को नामजद किया है और कहा है कि वह उनको कुछ समय से बहुत ज्यादा प्रताड़ित व धमकी देने तथा मारपीट करने कई तरह से मानसिक दवाब दे रहा था जिसकी वजह से मैं आत्महत्या कर रहा हूं। उसके परिवार के सदस्यों द्वारा भी प्रताड़ित किया जा रहा है। **इस सूचना पर थाना अमीनाबाद द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। एस0आई0 श्री रमेश कुमार सोनकर मो0नं0 8423461298 थाना अमीनाबाद द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक की माडल हाउस में जनरल स्टोर की दुकान है। मृतक के 01 बेटा है।